# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुवाँरका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in E-mail ID – nss@msuniversity.ac.in


पत्रांक : 100/09/एन.एस.एस./एम.एस.यू./2024–25 दिनांकः /01/2025

सेवा में, **अतिआवश्यक/समयबद्ध**

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर।

**विषयः– साधनाश्री कुटुम्ब संस्था द्वारा महाकुम्भ–2025 में आयोजित शिविर में छात्रों के अनिवार्यतः सहभाग करने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के पत्र संख्या 1606/07/प्रशा0/MSU/2024–25, दिनांक 21.01.2025 एवं 1556/प्रशा0/MSU/2024 –25, दिनांक 07.01.2025 के साथ संलग्न श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या –ई–9650/32–जी0एस0/2024–XXIII, दिनांकः 06 जनवरी, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों को महाकुंभ प्रयागराज में साधना श्री कुटुम्ब संस्था द्वारा आयोजित शिविर में युवाओं के समागम में छात्रों का पंजीकरण/सहभाग किये जाने हेतु निर्देश दिये गये हैं।

उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि संलग्न पत्र में उल्लिखित व्यवस्थानुसार प्रत्येक महाविद्यालय से पंजीकरणोपरान्त कम से कम 05 छात्रों का विवरण संलग्न प्रारूप पर पाँच कार्यदिवस में कार्यालय ई–मेल nss@msuniversity.ac.in पर आवश्यक रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। उक्त सहभागिता में होने वाले व्यय का वहन स्वयं महाविद्यालय द्वारा किया जायेगा।

**संलग्नकः यथोपरि।**

भवदीय
22/1/25
(डा0 भूपेन्द्र कुमार)
कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव कार्यालय को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
3. गार्ड फाईल।

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in


100-NSS
21/01/25

पत्रांक : 1606 / 07 / प्रशा0 / MSU / 2024–25 दिनांक : 21.01.2025

सेवा में,

डॉ0 भूपेन्द्र कुमार,
समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना

विषयः साधनाश्री कुटुम्ब संस्था द्वारा महाकुंभ–2025, प्रयागराज में आयोजित शिविर में छात्रों के सहभाग करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के संलग्न पत्र संख्या / 1556 / प्रशा0 / MSU / 2024–25, दिनांक : 07.01.2025 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या–ई–9650 / 32–जी0एस0 / 2024–XXIII, दिनांक : 06 जनवरी, 2025 के आलोक में महाविद्यालयों को महाकुंभ–2025 प्रयागराज में आयोजित शिविर में युवाओं के समागम में छात्रों का पंजीकरण / सहभाग हेतु निर्देशित किया गया है।

अतः आपसे निवेदन है कि श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र दिनांक : 06.01.2025 एवं दिनांक : 07.01.2025 के दिशा–निर्देशानुसार आयोजित शिविर में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध प्रत्येक महाविद्यालय से न्यूनतम 05 प्रतिभागियों का प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक – यथोपरि।

भवदीय,

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–
01. श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
02. प्रबंध न्यासी प्रमुख, साधनाश्री कुटुम्ब न्यास, केन्द्रीय कार्यालय आद्यशंकराचार्य कुंज, गोमती तट, निकट डालीगंज पुल, हसनगंज, लखनऊ।
03. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।

कुलसचिव

# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in


पत्रांक : 1556 / /प्रशा0/MSU/2024–25 दिनांक : 07-01-25

सेवा में,

01. प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

02. समन्वयक शैक्षणिक
विश्वविद्यालय परिसर

विषयः साधनाश्री कुटुम्ब संस्था द्वारा महाकुंभ–2025, प्रयागराज में आयोजित शिविर में छात्रों के सहभाग करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के संलग्न पत्र संख्या–ई–9650/32–जी0एस0/2024–XXIII, दिनांक : 06 जनवरी, 2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा महाकुंभ–2025 प्रयागराज में आयोजित शिविर में युवाओं के समागम में प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालय/उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्रों का पंजीकरण/सहभाग किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि संलग्न पत्र में उल्लिखित व्यवस्थानुसार विश्वविद्यालय/उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्रों का पंजीकरण/सहभाग किये जाने सम्बन्धित आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नक – यथोपरि।

भवदीय,

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
02. प्रबंध न्यासी प्रमुख, साधनाश्री कुटुम्ब न्यास, केन्द्रीय कार्यालय आद्यशंकराचार्य कुंज, गोमती तट, निकट डालीगंज पुल, हसनगंज, लखनऊ।
03. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।

कुलसचिव

ई–मेल

# राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश

लखनऊ–226027

संख्याःई–9650 / 32–जी0एस0 / 2024-XXIII,

दिनांकः~~दिसम्बर~~ जनवरी 06, 2025

प्रेषक :

श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति / निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषय : साधनाश्री कुटुम्ब संस्था द्वारा महाकुंभ–2025, प्रयागराज में आयोजित शिविर में छात्रों के सहभाग करने के संबंध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक साधनाश्री कुटुम्ब द्वारा इस सचिवालय को प्रेषित पत्र दिनांक 07.11.2024 जो महाकुंभ–2025, प्रयागराज में आयोजित शिविर में युवाओं के समागम के संबंध में है, का अवलोकन करने कष्ट करें।

इस संबंध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि साधनाश्री कुटुम्ब द्वारा महाकुंभ–2025, प्रयागराज में आयोजित शिविर में युवाओं के समागम में प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों / उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्रों का पंजीकरण / सहभाग किये जाने की अपेक्षा की गयी है। अतएव संस्था द्वारा किये गये अनुरोध के दृष्टिगत नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

( डा0 पंकज एल0 जानी )
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी

संलग्नकःयथोपरि।

सं०-एस०पी०एस०-कैम्प/ 4360 /जी०एस०
दिनांक 27/12/2024

संख्या कैम्प 2982 /जी०एस०
दिनांक 27-12-2024

# साधनाश्री कुटुम्ब न्यास

पंजीकरण सं०-268/024 ... ई-मेल ... www.sadhnashri.org

केन्द्रीय कार्यालय-साधनाश्री कुटुम्ब, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226007

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
संख्या ई- 8871 /जी०एस०
दिनांक 31/12/24

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
संख्या ई- 9650 /जी०एस०
दिनांक 30/12/2024

सेवा में,
(आई.ए.एस.) श्री सुधीर महादेव बो...
अपर मुख्य सचिव
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

सं०-एस०पी०एस०-कैम्प/ 4310
दिनांक 26/12/20

विषय: उच्च शिक्षा के युवाओं / विद्यार्थियों के नैतिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं राष्ट्रवादी व्यक्तित्व विकास हेतु तीर्थराज प्रयाग संगम क्षेत्र में "स्वानुभूति शिविर–2024" के सम्बन्ध में ।

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि साधनाश्री कुटुम्ब न्यास एक आध्यात्म प्रेरित स्वैच्छिक सेवा संस्थान / संगठन है । न्यास विभिन्न सेवा / समाजोत्थान के कार्यों को अनवरत करता आ रहा है । आगामी वर्ष 2024 में होने वाले तीर्थराज प्रयाग संगम क्षेत्र में वार्षिक कुंभ / माघ मेला में पूर्व की भाँति न्यास "स्वानुभूति शिविर–2024" आयोजित कर रहा है । जिसमें देश / प्रदेश भर के सभी उच्च शिक्षा संस्थानों में पढ़ रहे विद्यार्थियों व सामान्य जनमानस को आमंत्रित करना चाहता है । ताकि न्यास द्वारा उनके नैतिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, आध्यात्मिक एवं सहज आत्मिक व्यक्तित्व का विकास / अनुभूति करा सकें । न्यास शिविर में आने वाले सभी आगंतुकों को 1 दिन व 1 रात्रि का साध्यात्री बनायेगा जो कि पंजीयन व्यवस्था के अनुरूप होगा । न्यास प्रयाग संगम क्षेत्र में पंजीकृत आगंतुकों को आवास व भोजन पूर्णतः निःशुल्क प्रदान करेगा।

अतः महोदय आपसे सादर आग्रह है कि इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग देते हुए सभी उच्च शिक्षा संस्थानों को अपने स्तर पर निर्देशित करने की कृपा करें कि सभी संस्थान अधिक से अधिक विद्यार्थियों का पंजीयन कराकर या कम से कम 100 विद्यार्थियों का पंजीयन कराकर शिविर में भेजने की कृपा करें । पंजीयन की प्रक्रिया विवरण लिंक / फार्म में उल्लिखित व पत्र में संलग्न है।

B

संलग्न-
1. "स्वानुभूति शिविर–2024" कार्यक्रम विवरण पत्र
2. पंजीयन लिंक - https://services.sabpaisa.in/pages/svanubhutishivirprayagkumbh.html

DS
7-12-2024

(प्रबन्धक/मुख्य ...)
शिक्षा मित्र
(प्रबन्धशाखा प्रमुख)
सम्पर्क सूत्र-7565979695

C

30/12/2024

कृपया कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के संलग्न पत्र संख्या-8971/32-जी0एस0/2023 दिनांक 27 दिसम्बर, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जो कि साधनाश्री कुटुम्ब न्यास द्वारा वर्ष 2024 में तीर्थराज प्रयाग में कुंभ/माघ मेला में आयोजित "स्वानुभूति शिविर-2024" में विश्वविद्यालय/संस्थान के अधीन अध्ययनरत विद्यार्थियों व युवाओं की प्रतिभागिता कराये जाने के सम्बन्ध में है।

उक्त के क्रम में मा0 कुलपति महोदया जी के आदेशानुसार आपसे अपेक्षा है कि आप उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु अपने-अपने महाविद्यालय/संस्थान/परिसर में अध्ययनरत पाँच-पाँच छात्र/छात्राओं का पंजीकरण कराकर सूचना अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ।

संलग्नकः-उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(हस्ताक्षर)

कुलसचिव

<u>प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित :-</u>

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया जी के सूचनार्थ।
02. निदेशक, एस0सी0आर0आई0ई0टी0, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
03. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
04. प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाइट चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

कुलसचिव

ई-मेल

## राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश,

लखनऊ-226027

संख्याःई-8971/32-जी0एस0/2023

दिनांकः 27 दिसम्बर, 2023

प्रेषक,

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

O.S.(AHM)

सेवा में,

कुलपति/निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषयः- <u>साधनाश्री कुटुम्ब न्यास द्वारा वर्ष 2024 में तीर्थराज प्रयाग में कुंभ/माघ मेला में आयोजित "स्वानुभूति शिविर-2024" में विश्वविद्यालय/संस्थान के अधीन अध्ययनरत विद्यार्थियों व युवाओं की प्रतिभागिता कराये जाने हेतु।</u>

महोदय,

कृपया सम्पूर्ण विभाग प्रांत न्यासी प्रमुख, साधनाश्री कुटुम्ब न्यास, केन्द्रीय कार्यालयः आचार्यवरदाचार्य कुंज, गोमती घाट, निकट डालीगंज पुल, डालीगंज, लखनऊ उ0प्र0 द्वारा इस सचिवालय को प्रेषित संलग्न पत्र दिनांक 10 दिसम्बर, 2023 एवं उसके साथ संलग्न स्वानुभूति शिविर-2024 कार्यक्रम का अवलोकन करने का कष्ट करें।

उक्त परिप्रेक्ष्य में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि साधनाश्री कुटुम्ब न्यास द्वारा वर्ष 2024 में तीर्थराज प्रयाग में कुंभ/माघ मेला में आयोजित "स्वानुभूति शिविर-2024" में विश्वविद्यालय के अधीन अध्ययनरत विद्यार्थियों/युवाओं को नैतिक,सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, आध्यात्मिक एवं सहज आत्मिक व्यक्तित्व के विकास की अनुभूति हेतु आयोजित एक दिवसीय स्वानुभूति शिविर में तदनुसार उपस्थिति के सम्बन्ध में किये गये अनुरोध के आलोक में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

साधना श्री कुटुंब संस्था के संरक्षक के शिविर में होगा समागम, विद्वान देंगे व्याख्यान

# महाकुम्भ में ढाई लाख युवाओं को मिलेगा सफलता का मंत्र

■ ध्रुव शंकर तिवारी

प्रयागराज। संगम की रेती पर होने जा रहे महाकुम्भ में युवाओं पर केंद्रित एक ऐसा समागम होगा जिसमें ढाई लाख युवाओं को ना केवल भविष्य की राह दिखाई जाएगी बल्कि उनमें आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर जीवन जीने की प्रवृत्ति को भी विकसित किया जाएगा। यह आयोजन साधना श्री कुटुंब संस्था की ओर से प्रमुख संरक्षक प्रेम भूषण के शिविर में किया जाएगा।

महाकुम्भ के दौरान समागम दस जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक ... समागम में शामिल होने के

## सीएम करेंगे समागम का उद्घाटन

संस्था प्रमुख डॉ. शिवम भूषण ने बताया कि समागम का उद्घाटन दस जनवरी को यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से कराया जाएगा। इस समागम की परिकल्पना संस्था के प्रमुख संरक्षक प्रेम भूषण की है। संस्था के पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करवाने वाले युवाओं को ही प्रवेश दिया जाएगा।

## शहरियों और ग्रामीणों के लिए रोजगार का खजाना

प्रयागराज। महाकुम्भ श्रमिकों के लिए भी रोजगार का एक बड़ा अवसर साबित होने जा रहा है। प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ में 25 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। महापर्व के दौरान विभिन्न कार्यों में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के श्रमिकों को रोजगार देने की तैयारी है। जिला नगरीय विकास अभिकरण और श्रम विभाग की इसमें अधिक सहभागिता है। श्रम विभाग 25 हजार श्रमिकों को रोजगार देने की कोशिश में है। इसी प्रकार जिला नगरीय विकास अभिकरण और पर्यटन विभाग भी रोजगार देंगे। जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) परियोजना अधिकारी प्रतिभा श्रीवास्तव ने बताया कि 1100 से अधिक स्किल्ड और अन स्किल्ड श्रमिकों को अस्थाई रोजगार दिया जा रहा है। उप श्रमायुक्त राजेश मिश्रा बताते हैं कि महाकुम्भ की तैयारियों में 25 हजार से अधिक श्रमिकों को काम दिया जाएगा। श्रम विभाग में इन श्रमिकों का पंजीयन कराया गया है।

पांडेय की अगुवाई में टीम विश्वविद्यालयों में जाकर रजिस्ट्रेशन

मानी शख्सियतों को व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया जाएगा। जिसमें

अलग सत्रों में व्याख्यान होगा। आध्यात्मिक सत्र के दौरान प्रख्यात

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में महाकुम्भ 2025 प्रयागराज एक वैश्विक आयोजन हो रहा हैं ।

महाकुम्भ में साधनाश्री कुटुम्ब जो भारतीय ज्ञान परंपरा एवं क्रियान्वयन नीति अनुसंधान पर कार्य करने वाला अखिल भारतीय संगठन/संस्थान हैं जिसके द्वारा आयोजित कार्यक्रम VAYAMवयम्(Vision Accord of Youths for Advancing Mankind) में प्रत्येक विश्वविद्यालय से 500 विद्यार्थियों को पंजीयन कराकर आवश्यक रूप से सहभागिता हेतु आग्रह किया गया है

कृपया समस्त विश्वविद्यालय सहभागिता के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही करते हुए सहभाग करें

नोट - कार्यक्रम का संपूर्ण विवरण पत्र संलग्न है

ई–मेल

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
लखनऊ–226027

संख्याःई–9650 / 32–जी0एस0 / 2024-XXIII,

दिनांकः~~दिसम्बर~~ जनवरी 06, 2025

प्रेषक :

श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति / निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषय : साधनाश्री कुटुम्ब संस्था द्वारा महाकुंभ–2025, प्रयागराज में आयोजित शिविर में छात्रों के सहभाग करने के संबंध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक साधनाश्री कुटुम्ब द्वारा इस सचिवालय को प्रेषित पत्र दिनांक 07.11.2024 जो महाकुंभ–2025, प्रयागराज में आयोजित शिविर में युवाओं के समागम के संबंध में है, का अवलोकन करने कष्ट करें।

इस संबंध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि साधनाश्री कुटुम्ब द्वारा महाकुंभ–2025, प्रयागराज में आयोजित शिविर में युवाओं के समागम में प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों / उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्रों का पंजीकरण / सहभाग किये जाने की अपेक्षा की गयी है। अतएव संस्था द्वारा किये गये अनुरोध के दृष्टिगत नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

( डा0 पंकज एल0 जानी )
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी

संलग्नकःयथोपरि।

Scanned with OKEN Scanner

साधनाश्री कुटुम्ब
SADHANASHRI KUTUMB
Indian Knowledge Tradition & Execution Policy Research

विविध पंजीयन
- पंजी सं: 468/023
- पेन सं: ABHTS6662G
- नीति आयोग पंजी सं: UP/2024/0412490
- 12अ पंजी सं: ABHTS6662GE20231
- 80जी पंजी सं: ABHTS6662GF20241
- सी.एस.आर पंजी सं: CSR00077426

Plot No. [illegible] Royal Heights, Gomti Nagar Extension, Sec-[illegible], Lucknow (Uttar Pradesh) - 226010

दिनांक : 07/11/2024
पत्रांक : NOV07/2024/06

सेवा में,

श्रीमान विशेष कार्याधिकारी (शिक्षा)
राज्यपाल सचिवालय/राजभवन,उत्तर प्रदेश

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
संख्या ई-......8578........./जी०एस०
दिनांक......18/11/24.........

विषय - महाकुम्भ-2025 प्रयागराज के वयम् कार्यक्रम में इंटर्नशिप प्रोग्राम के सम्बंध में।

महोदय,

सादर अभिवादन सहित निवेदन है कि साधनाश्री कुटुम्ब एक भारतीय ज्ञान परंपरा एवं क्रियान्वयन नीति अनुसंधान पर कार्य करने वाला एक अखिल भारतीय संगठन है। जिसके द्वारा महाकुंभ-2025 प्रयागराज में भारतवर्ष के समस्त विश्वविद्यालयों / उच्च शिक्षण संस्थानों से 2,51,000 विद्यार्थियों व सामान्य जनमानस हेतु VAYAM (Vision Accord of Youths for Advancing Mankind-मानवता के उत्थान की युवा दृष्टि) कार्यक्रम 45 दिवसीय आयोजित हो रहा है जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप है। कार्यक्रम के कुशल संयोजन/संचालन हेतु कुटुम्ब द्वारा इंटर्नशिप प्रोग्राम आमंत्रित किया जा रहा है।
जिसका सम्पूर्ण विवरण पत्र के साथ संलग्न है।
अतः आपसे अनुरोध है कि प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों को इंटर्नशिप प्रोग्राम में सहभाग करने का आवश्यक निर्देश निर्गत करने की कृपा करें।

शुभेच्छा सहित आग्रह:-

- पूज्यश्री प्रेमभूषण जी महाराज
(प्रमुख संरक्षक - साधनाश्री कुटुम्ब)

- पूज्यश्री राजन जी महाराज
(सदस्य - संरक्षक मंडल,साधनाश्री कुटुम्ब)

भवदीय
[illegible] पांडेय
(संयोजक - साधनाश्री कुटुम्ब)
साधनाश्री कुटुम्ब

sknyas.info@gmail.com www.sknyas.org [illegible] @sknyasorg/Sadhanashri Kutumb

Scanned with OKEN Scanner

Niti Aayog नीति आयोग
Reg.: UP/2024/0412490

VAYAM-Vission Accord of Youths for Advancing Mankind
(मानवता के उत्थान की युवा दृष्टि)

## Invitation for Internship Program

Sadhanashri Kutumb feels privileged by inviting you all to its 'Internship Program' for making significant contribution in the success of 'VAYAM' a giant program being organized by the Kutumb in upcoming Maha Kumbh-2025 at Prayagraj. You may join us in any one of the internship programs given below.

| Sr.No. | Post of Intern | No. Of Vacancies | Eligibility | Honorarium | Special Opportunity |
|---|---|---|---|---|---|
| 1- | VAYAM Volunteer | 2000 | Graduate in any discipline. Students in final year may also apply. | 7000/- Per Month | Certificate of Participation in this internship program |
| 2- | Monitoring Volunteer | 1000 | Post-graduate in any discipline. Students in final year may also apply. | 8000/- Per Month | |
| 3- | Yoga Volunteer | 2000 | Graduate in Yoga. Students in final year may also apply. | 7000/- Per Month | |
| 4. | Yoga Instructor | 1000 | Post graduate in Yoga. Students in final year may also apply. | 8000/- Per Month | |
| 5. | Ayurveda Instructor | 500 | Post-Graduate / Graduate/ Diploma in Ayurveda. Students in final year may also apply. | 8000/- Per Month | |

Note : Meals and Accommodation is additional to the honorarium for selected candidates.
Period of Internship Program : January 01 to March 01, 2025
Selection Procedure:

1- Merit shall be prepared on the basis of marks obtained by the Candidates in their,10th , 12th and Graduation.
2- Short-listed candidates shall be invited for interview.
3- Selection shall be made on the basis of merit and marks obtained in the interview.
4- The Candidates who has been completed his personality development course before 2024 shall be eligible for 10 Marks weightage.
5- The Candidates having command on languages Hindi and English shall be eligible for 5 Marks weightage.
6- The Candidates having NSS certificate shall be eligible for 5 Marks weightage.
7- The Candidate must produce his all educational qualification documents, Bank Passbook, 2 Photos, Aadharcard, Pan Card (If possible) at the time interview.

Rules and Regulations

1- The Candidates must have permanent mobile number and e-mail address.
2- All the information regarding selection process shall be sent on the mobile number and through e-mail.
3- The selection procedure shall be completed by December-2025.
4- It is mandatory for the candidates to follow the instructions, rules and the regulations.
5- The selected interns shall stay in the premise of VAYAM during this internship program.
6- The organization reserves all the rights to alter the number of Seats for internship.
7- Sadhanashri shall feel proud to facilitate the candidates with outstanding performance during this internship program.

Apply on - www.sknyas.org,
Phone No. - +91 9454713121
Gmail - info.skinternship@gmail.com

Scanned with OKEN Scanner

ई–मेल

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ–226027

संख्या : ई–102/32–जी0एस0/2023
दिनांक : 07/01/2025

प्रेषक :

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति/निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषय :मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की नेतृत्वप्रेरणा से वैश्विक आयोजन महाकुम्भ–2025, प्रयागराज में कुटुम्ब द्वारा आयोजित होने वाले वयम् कार्यक्रम में प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय/उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत् छात्रों व अन्य के नैतिक, सांस्कृतिक, राष्ट्रवादी एवं समग्र व्यक्तित्व विकास हेतु अनिवार्य सहभागिता के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक श्री शिवम भूषण, प्रमुख–साधना श्री कुटुम्ब संस्था, लखनऊ के पत्र दिनांक 23.12.2024 का अवलोकन करने का कष्ट करें।

2. साधना श्री कुटुम्ब, जो भारतीय ज्ञान परंपरा एवं क्रियान्वयन नीति अनुसंधान पर कार्य करने वाला अखिल भारतीय संगठन/संस्थान हैं, जिसके द्वारा महाकुम्भ–2025 में आयोजित कार्यक्रम "वयम" VAYAM–(Vision Accord of Youths for Advancing Mankind) में प्रत्येक विश्वविद्यालय/संस्थान से 500 विद्यार्थियों को पंजीयन कराकर आवश्यक रूप से सहभागिता हेतु आग्रह किया गया है।

3. साधना श्री कुटुम्ब संस्था के उपर्युक्त पत्र दिनांक 23.12.2024 की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि महाकुम्भ–2025 प्रयागराज में "साधना श्री कुटुम्ब संस्था" द्वारा आयोजित कार्यक्रम हेतु विश्वविद्यालय/संस्थान के छात्रों की प्रतिभागिता के सम्बन्ध में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

07.1.25

( डा0 सुधीर एम. बोबडे )
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव।

**संलग्नक : यथोपरि।**

प्रतिलिपि श्री शिवम भूषण, प्रमुख–साधना श्री कुटुम्ब संस्था, फ्लैट नं0 207, इनाया रॉयल हाईट्स, गोमती नगर एक्टेंशन, सेक्टर–01,लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

( डा0 सुधीर एम. बोबडे )
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव।

Scanned with CamScanner

# साधनाश्री कुटुम्ब
# SADHANASHRI KUTUMB
Indian Knowledge Tradition & Execution Policy Research

विविध पंजीयन
- पंजी सं : 468/023
- पैन नं : ABHTS6662G
- निति आयोग पंजी सं : UP/2024/0412490
- 12ए पंजी सं : ABHTS6662GE20231
- 80जी पंजी सं ABHTS6662GF20241
- सी एस आर पंजी सं : CSR00077486

Flat No.207 Inaaya Royal Heights,Gomti Nagar Extension,Sec-01,Lucknow Uttar Pradesh - 226010


दिनांक : 23/12/2024
पत्रांक : DEC23/2024/01

सेवा में,
अपर मुख्य सचिव
राज्यपाल उत्तर प्रदेश

**विषय - मा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की नेतृत्वप्रेरणा से वैश्विक आयोजन महाकुम्भ-2025 प्रयागराज में कुटुम्ब द्वारा आयोजित होनें वाले वयम् कार्यक्रम में प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय/उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों व अन्य के नैतिक, सांस्कृतिक , राष्ट्रवादी एवं समग्र व्यक्तित्व विकास हेतु अनिवार्य सहभागिता के संबंध में।**

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में महाकुम्भ 2025 प्रयागराज एक वैश्विक आयोजन हो रहा हैं जिसमें

1- साधनाश्री कुटुम्ब, भारतीय ज्ञान परम्परा एवं क्रियान्वयन नीति अनुसंधान पर कार्यरत एक अखिल भारतीय संगठन/संस्थान हैं। कुटुम्ब भारतीय संस्कृति एवं ज्ञान परंपरा के मूल्यों के विस्तार के क्षेत्र में निरंतर कई वर्षों से विश्वव्यापी अभियान में कार्यरत है। कुटुम्ब का प्रमुख उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा एवं उसके वटवृक्ष सदृश्य अन्यान्य अंगों एवं उपांगो तथा प्राचीन काल में स्थापित गुरुकुल परंपरा को आधुनिक विज्ञान एवं तकनीक के माध्यम से सौष्ठव प्रदान करना है।

2- इन्हीं भाव-भावना को दृष्टिगत रखते हुए गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कुटुम्ब वयम् (मानवता के उत्थान की युवा दृष्टि) कार्यक्रम महाकुंभ 2025 प्रयागराज में आयोजित कर रहा है, जिसमें प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय/उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्यनरत छात्रों व अन्य के नैतिक, सांस्कृतिक, राष्ट्रवादी एवं समग्र व्यक्तित्व विकास हेतु आमंत्रित कर रहा है।

3- हम सब अवगत हैं कि महाकुंभ विश्व का श्रेष्ठतम आयोजन होता है जिसमें भारत की विराट संस्कृति की समग्र अनुभूति होती है। प्रतिभागी महाकुंभ में विश्व के श्रेष्ठतम आयोजन के व्यवस्थित समूह के स्वरूप का भी विशेष अवलोकन प्राप्त कर सकेंगे।

4- साधनाश्री कुटुम्ब ने वयम् के आयोजन में भारत की नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्यों को भी शामिल कर रहा है।

अतः आपसे सानुरोध आग्रह है कि इस भव्य कार्यक्रम में सभी विश्वविद्यालयों/ उच्च शिक्षण संस्थानों को निर्देशित करने की कृपा करें कि प्रत्येक विश्वविद्यालय/उच्च शिक्षण संस्थानों से कम से कम 500 अथवा इससे अधिक छात्रों व अन्य का पंजीयन कराकर कार्यक्रम में भेजने का कष्ट करें।

**संलग्नक**
वयम् कार्यक्रम विवरण पत्र
शिविर हेतु पंजीयन वेबसाइट - www.sknyas.org

भवदीय

**शिवम भूषण**
(प्रमुख-साधनाश्री कुटुम्ब)

एक संकल्प भारतवर्ष के समस्त विश्वविद्यालयों/ उच्च शिक्षण संस्थानों के 2,51,000 विद्यार्थियों व सामान्य जनमानस के निमित्त संगम का आयोजन...

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में होने जा रहे महाकुम्भ 2025 प्रयागराज में साधनाश्री कुटुम्ब द्वारा आयोजित कार्यक्रम "वयम्" में आप सभी का सादर

# ॥ आमंत्रण ॥

# VAYAM वयम्

**Vision Accord of Youths for Advancing Mankind**
**मानवता के उत्थान की युवा दृष्टि**



## महाकुम्भ -2025 प्रयागराज

**2025**
January – February
**10 - 26**

### "वयम्" यथारूप

'अहं' का विलोम नहीं विस्तार है वयम्।
'अहम् ब्रह्मास्मि' से 'तत् त्वमसि' की यात्रा है वयम्।
दैवी शक्तियों का सार है वयम्।
सज्जन वृत्तियों की पुकार है वयम्।
शुभ संकल्पों का आधार है वयम्।
मानवता का उद्धार है वयम्।
सुग्रीव और विभीषण का राम है वयम्।
किष्किंधा का हनुमान है वयम्।
सीता का वरदान है वयम्।
भारत का सामूहिक गान है वयम्।
भविष्य का उन्वान है वयम्।
कल आज और बिहान है वयम्।
जय जवान, जय किसान है वयम्।
जय- धर्म, जय- विज्ञान है वयम्।
सनातन का उत्थान है वयम्।

### "वयम्" के कार्यक्रम

**सोच-SOCH**
Spiritual Orientation for good Community Health / सुदृढ़ सामुदायिक जीवन के लिए आध्यात्मिक मैत्री
• योग • आयुर्वेद • स्वाध्याय

**भाव-BHAV**
Balancing Human behavior and Adopting Vision document/ दृष्टिकोण पत्र के साथ अनुकूलन हेतु मानव व्यवहार का संतुलन
• कला • साहित्य • संगीत • यात्रा

**ज्ञान-GYAN**
Growing belongingness amongst Youth And Nurturing Joyful life / युवाओं में अपनेपन का विकास और आनंद पूर्ण जीवन को प्रोत्साहन
• सामुदायिक सेवा • दायित्व बोध का विकास
• राष्ट्र अस्मिता का बोध • प्राकृतिक जीवन शैली

**तर्क-TARK**
Training for Adopting the Religious Knowledge / धार्मिक ज्ञान के साथ अनुकूलन हेतु प्रशिक्षण
• धर्म और विज्ञान की सुसंगतता • धार्मिक जीवन के लक्षण
• धर्म और दैनिक जीवन पद्धति

**मित्र-MITR**
Mental Integration for Transformation of Relationship/ सामाजिक संबंधों के रूपांतरण का मानसिक संयोजन
• मनोवैज्ञानिक परीक्षण • करियर काउंसलिंग • मोटिवेशन

**सत्य-SATY**
Sanatan values And Teachings for Youth / युवाओं के लिए सनातन की शिक्षा और जीवन मूल्य
• आध्यात्मिक जीवन के विविध स्तर और उनके आयाम

Scanned with CamScanner

# "वयम्" एक संकल्पना

वयम् अर्थात 'हम सब' समाहित करता है संपूर्ण सृष्टि को। भेद रहित दृष्टि का प्रथम सोपान है वयम्। इसका विस्तार केवल मानव जाति तक सीमित नहीं है, यह चराचर जगत तक विस्तीर्ण है। हमारे पुरखों के सपनों का साक्षी है वयम। हमारे पूर्वजों की आशाओं का समुच्चय है वयम्। हमारी प्रेरणा है वयम्। हमारा आदर्श है वयम्।

इसकी निष्पत्ति के मूल में है हमारी वैदिक उद्घोषणा कि संपूर्ण जगत ही हमारा कुटुंब है। हमारे मुनियों ने मनन किया और हमारे हाथों में सौंप दिया मनुष्यता का गौरव। इस गौरव के संरक्षण और संवर्धन का दायित्व लेकर ही हम स्वयं को मनुष्यता का योग्य उत्तराधिकारी सिद्ध कर सकते हैं। वयम् अर्थात "हम सब" भारतीय वैचारिक दृष्टि से सबसे संपन्न लोग हैं। क्योंकि हमारे पास ही ईश्वर द्वारा दिया गया आशापूर्ण आश्वासन है कि "यदा यदा ही धर्मस्य....। हम ही हैं जो सफल कर सकते हैं इन विचारों को, कर्म में बदलकर, कर्तव्य को कृतित्व में बदलकर और सुफल कर सकते हैं पूर्वजों द्वारा सौंपी गई ज्ञान परंपरा को।

पिछली सदी में हमने सपना देखा शांतिपूर्ण संसार का, सर्वोदय का लेकिन हमें निराशा हाथ लगी। हमें मिला सूचनाओं का घना जंगल, जिसमें विचारों का शोर है। आज सूचनाएं तो हैं पर ज्ञान नहीं, विचार तो है पर विचारधारा नहीं। विचार हथियार तो बन गए पर उन्हें औजार नहीं बनाया जा सका। हम किस विचार को साधन बनाएं सर्वोदय के लक्ष्य को प्राप्त करने का ? यह सवाल हमारे सामने हमेशा खड़ा रहेगा। इसके लिए अनिवार्य उत्साह और आवश्यक ऊर्जा कहां से प्राप्त करें ? इसका स्रोत क्या हो ? इन सभी गंभीर और जटिल लगने वाले प्रश्नों का सरल उत्तर है कि जिन हृदयों में यह भाव जगा है और जिन मस्तिष्कों में इन प्रश्नों ने जन्म लिया है, वही इसका उत्तर भी दे सकते हैं अर्थात इसका उत्तर एक वचन 'मैं' नहीं है बल्कि इसका उत्तर है बहुवचन 'वयम्' अर्थात 'हम सब'। हमारे हृदय में उठने वाली इस आकुलता का सम्यक जवाब देने का संकल्प भी हमें ही लेना होगा।

'वयम्' क्या है यह एक शब्द नहीं है.. वयम् बहुत ही व्यापक अवधारणा है। वयम् एक कार्यक्रम है। वयम् एक आयोजन है। वयम् एक परियोजना है। वयम् एक उद्देश्य है। वयम् एक आदर्श है। वयम् एक मान्यता है।वयम् एक कार्य योजना है। वयम् एक लक्ष्य है। और सबसे बढ़कर वयम् एक शुभ संकल्प है..

साधनाश्री कुटुम्ब द्वारा "वयम्" में संपूर्ण देश के विश्वविद्यालयों/ उच्च शिक्षण संस्थानों के 2,51,000 विद्यार्थियों व सामान्य जनमानस का देश व विदेश के लगभग 1000 शिक्षाविदों द्वारा होगा कैरियर मार्गदर्शन

## विशेष

केंद्र व राज्य सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों द्वारा शिविर में पधारे प्रतिभागियों की प्रतिभा के प्रोत्साहन व सम्मान हेतु प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

## आवश्यक सूचना

- कार्यक्रम अवधि 10 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक।
- प्रत्येक शिविर की अवधि एक दिन व एक रात्रि की होगी जो शिविर क्रमांक के अनुसार होगी। एक शिविर करने के पश्चात रुचि अनुसार दूसरे शिविर में प्रवेश पाने हेतु शिविर संचालक से अनुमति अवश्य लें।
- शिविर में प्राथमिक चिकित्सा, उपचार और प्रशासनिक सुरक्षा उपलब्ध रहेगी।
- शिविर हेतु आधार कार्ड एवं उसकी एक प्रति साथ में अवश्य लेकर आएं।
- स्वयं के दैनिक उपयोग की वस्तुएं साथ में अवश्य लाएं।
- शिविर में सूचना उपरांत ही पधारें, बिना सूचना के आगमन पर शिविर में प्रवेश निषेध होगा।
- शिविर में प्रवेश हेतु पंजीयन शुल्क अनिवार्य है।

कार्यक्रम संबंधित संपूर्ण जानकारी के लिए
www.sknyas.org
अथवा
वयम् कार्यक्रम में पंजीयन हेतु Scan QR

**कार्यक्रम स्थल : महाकुम्भ-2025 प्रयाग संगम क्षेत्र,साधनाश्री कुटुम्ब शिविर,सेक्टर-07,तीर्थराज प्रयाग**



आयोजक

**साधनाश्री कुटुम्ब**

भारतीय ज्ञान परम्परा एवं क्रियान्वयन नीति अनुसंधान
Indian Knowledge Tradition & Execution Policy Research


+91 9454713121, +91 7800701702, +91 7800701351, +917565979695

@sknyasorg/SadhanashriKutumb www.sknyas.org vayamprogram@gmail.com

... भारतवर्ष के समस्त विश्वविद्यालयों/ उच्च शिक्षण संस्थानों के
2,51,000 विद्यार्थियों व सामान्य जनमानस के संगम का आयोजन...

॥ आमंत्रण ॥

# VAYAM वयम्

**Vision Accord of Youths for Advancing Mankind**
**मानवता के उत्थान की युवा दृष्टि**



# महाकुम्भ -2025 प्रयागराज

**2025**
**January 10 - February 26**

## "वयम्" यथारूप

'अहं' का विलोम नहीं विस्तार है वयम्।
'अहम् ब्रह्मास्मि' से 'तत् त्वमसि' की यात्रा है वयम्।
दैवी शक्तियों का सार है वयम्।
सज्जन वृत्तियों की पुकार है वयम्।
शुभ संकल्पों का आधार है वयम्।
मानवता का उद्धार है वयम्।
सुग्रीव और विभीषण का राम है वयम्।
किष्किंधा का हनुमान है वयम्।
सीता का वरदान है वयम्।
भारत का सामूहिक गान है वयम्।
भविष्य का उन्वान है वयम्।
कल आज और विहान है वयम्।
जय जवान, जय किसान है वयम्।
जय- धर्म, जय- विज्ञान है वयम्।
सनातन का उत्थान है वयम्।

## "वयम्" के कार्यक्रम

**सोच-SOCH**
Spiritual Orientation for good Community Health / सुंदर सामुदायिक जीवन के लिए आध्यात्मिक तैयारी
- योग • आयुर्वेद • स्वाध्याय

**भाव-BHAV**
Balancing Human behavior and Adopting Vision document/ दृष्टिकोण पत्र के साथ अनुकूलन हेतु मानव व्यवहार का संतुलन
- कला • साहित्य • संगीत • यात्रा

**ज्ञान-GYAN**
Growing belongingness amongst Youth And Nurturing Joyful life / युवाओं में अपनेपन का विकास और आनंद पूर्ण जीवन को प्रोत्साहन
- सामुदायिक सेवा • दायित्व बोध का विकास
- सह अस्तित्व का बोध • प्राकृतिक जीवन शैली

**तर्क-TARK**
Training for Adopting the Religious Knowledge / धार्मिक ज्ञान के साथ अनुकूलन हेतु प्रशिक्षण
- धर्म और विज्ञान की सुसंगतता • धार्मिक जीवन के लक्षण
- धर्म और दैनिक जीवन पद्धति

**मित्र-MITR**
Mental Integration for Transformation of Relationship/ सामाजिक संबंधों के रूपांतरण का मानसिक संयोजन
- मनोवैज्ञानिक परीक्षण • करियर काउंसलिंग • मोटिवेशन

**सत्य-SATY**
Sanatan values And Teachings for Youth / युवाओं के लिए सनातन की शिक्षा और जीवन मूल्य
- आध्यात्मिक जीवन के विविध स्तर और उनके आयाम

# "वयम्" एक संकल्पना

वयम् अर्थात 'हम सब' समाहित करता है संपूर्ण सृष्टि को। भेद रहित दृष्टि का प्रथम सोपान है वयम् । इसका विस्तार केवल मानव जाति तक सीमित नहीं है, यह चराचर जगत तक विस्तीर्ण है। हमारे पुरखों के सपनों का साक्षी है वयम। हमारे पूर्वजों की आशाओं का समुच्चय है वयम्। हमारी प्रेरणा है वयम्। हमारा आदर्श है वयम् ।

इसकी निष्पत्ति के मूल में है हमारी वैदिक उद्घोषणा कि संपूर्ण जगत ही हमारा कुटुंब है। हमारे मुनियों ने मनन किया और हमारे हाथों में सौंप दिया मनुष्यता का गौरव । इस गौरव के संरक्षण और संवर्धन का दायित्व लेकर ही हम स्वयं को मनुष्यता का योग्य उत्तराधिकारी सिद्ध कर सकते हैं।
वयम् अर्थात "हम सब" भारतीय वैचारिक दृष्टि से सबसे संपन्न लोग हैं। क्योंकि हमारे पास ही ईश्वर द्वारा दिया गया आशापूर्ण आश्वासन है कि "यदा यदा ही धर्मस्य....। हम ही हैं जो सफल कर सकते,हैं इन विचारों को, कर्म में बदलकर, कर्तव्य को कृतित्व में बदलकर और सुफल कर सकते हैं पूर्वजों द्वारा सौंपी गई ज्ञान परंपरा को ।

पिछली सदी में हमने सपना देखा शांतिपूर्ण संसार का, सर्वोदय का लेकिन हमें निराशाहाथ लगी। हमें मिला सूचनाओं का घना जंगल, जिसमें विचारों का शोर है। आज सूचनाएं तो हैं पर ज्ञान नहीं, विचार तो है पर विचारधारा नहीं। विचार हथियार तो बन गए पर उन्हें औजार नहीं बनाया जा सका। हम किस विचार को साधन बनाएं सर्वोदय के लक्ष्य को प्राप्त करने का ? यह सवाल हमारे सामने हमेशा खड़ा रहेगा। इसके लिए अनिवार्य उत्साह और आवश्यक ऊर्जा कहां से प्राप्त करें ? इसका स्रोत क्या हो ? इन सभी गंभीर और जटिल लगने वाले प्रश्नों का सरल उत्तर है कि जिन हृदयों में यह भाव जगा है और जिन मस्तिष्कों में इन प्रश्नों ने जन्म लिया है, वही इसका उत्तर भी दे सकते हैं अर्थात इसका उत्तर एक वचन 'मैं' नहीं है बल्कि इसका उत्तर है बहुवचन 'वयम्' अर्थात 'हम सब' । हमारे हृदय में उठने वाली इस आकुलता का सम्यक जवाब देने का संकल्प भी हमें ही लेना होगा।

'वयम् ' क्या है यह एक शब्द नहीं है.. वयम् बहुत ही व्यापक अवधारणा है। वयम् एक कार्यक्रम है। वयम् एक आयोजन है। वयम् एक परियोजना है। वयम् एक उद्देश्य है। वयम् एक आदर्श है। वयम् एक मान्यता है।वयम् एक कार्य योजना है। वयम् एक लक्ष्य है। और सबसे बढ़कर वयम् एक शुभ संकल्प है..

साधनाश्री कुटुम्ब द्वारा "वयम् " में संपूर्ण देश के विश्वविद्यालयों/ उच्च शिक्षण संस्थानों के 2,51,000 विद्यार्थियों व सामान्य जनमानस का संगम आयोजित हो रहा हैं।

## । विशेष ।

केंद्र व राज्य सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों द्वारा शिविर में पधारे प्रतिभागियों की प्रतिभा के प्रोत्साहन व सम्मान हेतु प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए जाएंगे ।

## आवश्यक सूचना

- कार्यक्रम अवधि 10 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक।
- प्रत्येक शिविर की अवधि एक दिन व एक रात्रि की होगी जो शिविर क्रमांक के अनुसार होगी। एक शिविर करने के पश्चात रुचि अनुसार दूसरे शिविर में प्रवेश पाने हेतु शिविर संचालक से अनुमति अवश्य लें।
- शिविर में प्राथमिक चिकित्सा, उपचार और प्रशासनिक सुरक्षा उपलब्ध रहेगी ।
- शिविर हेतु आधार कार्ड एवं उसकी एक प्रति साथ में अवश्य लेकर आएं ।
- स्वयं के दैनिक उपयोग की वस्तुएं साथ में अवश्य लाएं ।
- शिविर में सूचना उपरांत ही पधारें, बिना सूचना के आगमन पर शिविर में प्रवेश निषेध होगा ।
- शिविर में किसी भी प्रकार का अनपेक्षित कार्य करने पर शिविर से बाहर कर दिया जाएगा।
- शिविर में प्रवेश हेतु पंजीयन अनिवार्य है।
- शिविर मे पंजीयन उपरांत आवास, भोजन व सभी आवश्यक व्यवस्था शिविर के अंतर्गत पूर्णतः निशुल्क रहेगी ।
- आलोकः- शिविर के द्वारा निर्धारित नियम और अनुशासन का अक्षरशः पालन करना होगा ।
- विद्यार्थियों (30 वर्ष तक) हेतु पंजीयन शुल्क - 2100/- व अन्य सामान्य जनमानस हेतु पंजीयन शुल्क - 5100/- मात्र

**कार्यक्रम स्थल**
महाकुम्भ-2025 प्रयाग संगम क्षेत्र, तीर्थराज प्रयाग, उत्तर प्रदेश

पंजीयन हेतु Scan QR

आयोजक
**साधनाश्री कुटुम्ब**

+91 9454713121, +91 7800701702, +91 7800701351, +917565979695

# छात्रों के विवरण हेतु प्रारूप

| क्र0सं0 | पंजीकरण सं0 | दिनांक | छात्र का नाम | पिता का नाम | महाविद्यालय का नाम | कक्षा | मो0 नं0 | आधार नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |

प्राचार्य के हस्ताक्षर

# अभिभावक सहमति–पत्र

मैं ........................................................ पिता / माता / अभिभावक, पुत्र / पुत्री / छात्र / छात्रा ......................................... महाविद्यालय ................................................., कक्षा ..................... को साधना श्री कुटुम्ब संस्था द्वारा प्रयागराज महाकुम्भ–2025 में आयोजित शिविर में सहभागिता करने हेतु अनुमति प्रदान करता हूँ / करती हूँ।

अभिभावक के हस्ताक्षर